24-ख. विक्षुब्ध क्षेत्रों में के सार्वजनिक स्थानों में या उनमें से होकर अधिसूचित आयुध लेकर चलने के बारे में प्रतिषेध।

**अध्याय 5**

**अपराध और शास्तियां**

25. कुछ अपराधों के लिए दण्ड।

26. गुप्त उल्लंघन।

27. आयुधों को उपयोग में लाने के लिए दण्ड आदि।

28. कतिपय दशाओं में अग्न्यायुध या नकली अग्न्यायुध के उपयोग और कब्जे के लिए दण्ड।

29. जानते हुए अनुज्ञप्ति रहित व्यक्ति से आयुध आदि क्रय करने के लिए या आयुध आदि ऐसे व्यक्ति को परिदत्त करने के लिये जो उन्हें कब्जे में रखने का हकदार न हो, दण्ड।

30. अनुज्ञप्ति या नियम के उल्लंघन के लिए दण्ड।

31. पश्चात्वर्ती अपराधों के लिये दण्ड।

32. अधिहरण करने की शक्ति।

33. कम्पनियों द्वारा अपराध ।

**अध्याय 6**

**प्रकीर्ण**

34. आयुधों के भांडागारण के वास्ते केन्द्रीय सरकार की मंजूरी।

35. परिसरों के अधिभोगी व्यक्तियों का कतिपय दशाओं में आपराधिक उत्तरदायित्व।

36. कतिपय अपराधों के बारे से इत्तिला का दिया जाना।

37. गिरफ्तारी और तलाशी।

38. अपराधों का संज्ञेय होना।

39. कतिपय मामलों में जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व मंजूरी आवश्यक।

40. सद्भावनापूर्वक की गई कार्रवाई के लिए परित्राण।

41. छूट देने की शक्ति।

42. अग्न्यायुधों की गणना करने की शक्ति।

43. प्रत्यायोजित करने की शक्ति।

44. नियम बनाने की शक्ति।

45. अधिनियम का कतिपय दशाओं में लागू न होना।

46. 1878 के अधिनियम 11 का निरसन।

## आयुधों और गोला-बारूद से सम्बन्धित विधि का समेकन और संशोधन करने के लिए अधिनियम

भारत गणराज्य के दसवें वर्ष में संसद द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो—

### अध्याय 1

### प्रारम्भिक

**1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ**—(1) यह अधिनियम आयुध अधिनियम, 1959 कहा जा सकेगा ।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण भारत पर है।

(3) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जिसे केन्द्रीय सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे।

**2. परिभाषाएँ और निर्वचन**—(1) इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) अपने व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदों सहित ''**अर्जन**'' के अन्तर्गत भाड़े पर लेना, उधार लेना या दान के रूप में प्रतिगृहीत करना आता है ;

(ख) ''**गोला-बारूद**'' से किसी अग्न्यायुध के लिए गोला-बारूद अभिप्रेत है तथा इसके अन्तर्गत—

